भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
12.03.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2180 का उत्तर

तिरुचिरापल्ली और पुडुकोट्टई के लिए रेल सेवा

2180. श्री दुरई वाइको:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष तमिलनाडु में तिरुचिरापल्ली और पुडुकोट्टई जिलों के यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु आरंभ की गई रेल सेवाओं और प्रदान की गई रेल सेवा विस्तार का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या पुडुकोट्टई रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली रेलगाड़ियों का उसी स्थान पर ठहराव निर्धारित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) तिरुचिरापल्ली और पुडुकोट्टई जिलों के भीतर स्टेशनों पर रेलगाड़ियों के ठहराव की संख्या बढ़ाने हेतु लंबित/परिक्षणाधीन प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): चूंकि, रेल नेटवर्क राज्य/जिला सीमाओं के आर-पार फैला होता है, इसलिए नेटवर्क की आवश्यकता के अनुसार ऐसी सीमाओं के आर-पार रेलगाड़ियां शुरू की जाती हैं। बहरहाल, वर्ष 2020-2021 से वर्ष 2024-2025 तक (फरवरी, 2025 तक) की अवधि के दौरान, 08 नई रेलगाड़ियां शुरू की गई और 06 रेल सेवाओं का विस्तार किया गया है जो तिरुचिरापल्ली को सेवित करती है, जबकि पुदुक्कोट्टई स्टेशन को सेवित करने वाली 04 नई रेलगाड़ियां चलाईं गई हैं। तदनुसार, तिरुचिरापल्ली और पुदुक्कोट्टई स्टेशनों पर वर्तमान में क्रमशः 157 रेलगाड़ियां और 25 रेलगाड़ियां चल रही हैं। इसके अलावा, अन्य बातों के साथ-साथ नई रेलगाड़ियां शुरू करने, रेलगाड़ियों के मार्ग का विस्तार करने और रेलगाड़ियों के ठहराव के प्रावधान के लिए प्रस्तावों की प्राप्ति, उनकी जांच और उन पर निर्णय लेना सतत् प्रक्रिया है।

*****